समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026

# बिक रही है IPL 2025 की चैपिंयन टीम RCB? मालिक ने रखी 17 हजार करोड़ की कीमत ; पढ़े पूरी खबर।

Publisher

Published on 10 Jun 2025



## अगर RCB इतनी कीमत मे बिकती है तो बनेगा IPL इतिहास का सबसे बड़ा सौदा।

**नई दिल्ली : इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025** की विजेता टीम **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB)** को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक **RCB की मालिक यूनाइटेड स्पिरिट लिमिटेड** ने इस फ्रेंचाइजी को बेचने का मन बना लिया है। अगर डील फाइनल होती है तो यह **IPL के इतिहास** का सबसे बड़ा सौदा होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, **यूनाइटेड स्पिरिट लिमिटेड 2 अरब डॉलर (करीब 17 हजार करोड़ रुपये)** में **RCB** को बेचने की तैयारी में है। इससे पहले **IPL** में इतनी बड़ी कीमत पर किसी टीम की बिक्री नहीं हुई है।

**किसके पास है RCB का मालिकाना हक ?**
**RCB की मालिक यूनाइटेड स्पिरिट लिमिटेड** है, जो **मैकडॉवेल्स व्हिस्की** बनाने वाली कंपनी है। पहले यह कंपनी **विजय माल्या** के पास थी, लेकिन उनके दिवालिया होने के बाद ब्रिटिश कंपनी डियाजियो ने इसे खरीद लिया। अब **डियाजियो के पास RCB** का मालिकाना हक है।

**2008 मे इंतनी थी RCB की कीमत**
जब **IPL की शुरुआत 2008** में हुई थी, तब **RCB की कीमत 111.6 मिलियन डॉलर** यानी करीब **476 करोड़ रुपये** थी। उस समय यह **IPL** की दूसरी सबसे महंगी टीम थी।

**2014 मे डियाजियो ने यूनाइटेड स्पिरिट लिमिटेड** में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी।
**2016 मे डियाजियो ने पूरा RCB फ्रेंचाइजी** खरीद लिया।

### IPL इतिहास का सबसे बड़ा सौदा बनने की तैयारी

अगर **RCB 17 हजार करोड़ रुपये** में बिकती है तो यह **IPL** के इतिहास का सबसे बड़ा सौदा होगा। इससे पहले सबसे बड़ा सौदा तब हुआ था जब:
१. **लखनऊ सुपर जायंट्स को RPSG ग्रुप ने 7090 करोड़ रुपये मे खंरीदा था**।
२. **गुजरात टाइटंस को CVC कैपिटल ने 5625 करोड़ रुपये मे खंरीदा था**।

### क्या RCB के फैसं के लिए बदल जाएगा कुछ ?

RCB को अगर नया मालिक मिलता है तो इससे टीम के **ब्रांडिंग, मार्केटिंग** और **रणनीति** में बदलाव आ सकता है। हालांकि, टीम के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ पर इसका तात्कालिक असर नहीं होगा।

**RCB का IPL** में हमेशा जबर्दस्त फैन बेस रहा है। टीम ने **IPL 2025** का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। अब देखना होगा कि क्या इस फ्रेंचाइजी को कोई नया खरीदार इतनी बड़ी रकम में खरीदने को तैयार होता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.